# 2 छोटी चींटी की बड़ी दावत

| | |
|---|---|
| कालांश संख्या | 6 से 8 |
| शिक्षण प्रक्रिया | Teacher Led |
| पाठ का उद्देश्य | अकाल और दावत जैसे शब्दों को समझना, मिल-जुलकर रहना, बचत की आदत डालना, दूसरों की सहायता करना, सामाजिकता जैसे जीवन-मूल्यों का विकास करना, पाठ का शुद्ध उच्चारण के साथ पठन, कल्पना-शक्ति और अभिव्यक्ति का विकास करना, सजातीय शब्द, विलोम शब्द, संज्ञा और शब्द निर्माण की जानकारी देना, 'ज़' और 'ड़' वाले शब्दों की पहचान करवाना, जीव-जंतुओं के नामों और आवाजों की जानकारी देना, मुहावरों का प्रयोग करवाना, अनुच्छेद लिखवाना, कल्पनाशक्ति के आधार पर बोलने वाली चींटी से साक्षात्कार तथा कहानी का अंत बदलकर लिखवाना। श्रवण-वाचन-पठन-लेखन कौशल का विकास करवाना। |
| पाठ में आनेवाले विषय | शब्दों के जोड़े बनाना, विलोम शब्द, शब्दों से शब्द बनाना, 'ज़' और 'ड़' वाले शब्द लिखना, जीव-जंतुओं के नामों की सूची बनाना, मुहावरों वाले वाक्य लिखना, अनुच्छेद लिखना, पशु-पक्षियों के नामों के साथ उनकी आवाजों की सूची बनाना, कल्पनाशक्ति के आधार पर बोलने वाली चींटी से साक्षात्कार के लिए प्रश्न बनाना, कल्पानाशक्ति के आधार पर कहानी का अंत बदलकर कहानी को आगे बढ़ाना। |
| शिक्षण सामग्री | Smart Board, पाठ्यपुस्तक, Animation, i-book, Websupport (worksheets), कॉपियाँ, पेंसिल, फ्लैश कार्ड, चार्ट पेपर आदि। |
| मानक/अमानक शब्द | अंदर/अन्दर, गए/गये, जाएँ/जायें, आए/आये, लाए/लाये, आई/आयी, सोएगा/सोयेगा, उड़ाई/उड़ायी, जाएगा/जायेगा, लीजिए/लीजिये, चाहिए/चाहिये |
| आरंभ—<br>चर्चा एवं समूह वाचन, कौशल-पठन, वाचन | • छात्रों को पशु-पक्षियों और उनकी आवाजों के विषय में बताएँ, धरती के बड़े और छोटे जीवों के बारे में बातचीत करें। स्वयं या Smart Board पर पशु-पक्षियों आदि के सुंदर चित्र दिखाएँ, बच्चों से पूछें कि यह चित्र किसका है, ये कहाँ रहते हैं, ये कैसी आवाज़ें करते हैं आदि।<br>• पाठ का शुद्ध उच्चारण के साथ पठन और वाचन करवाएँ।<br>• पाठ के श्रवण-वाचन के लिए Animation और i-book की सहायता लें।<br>• कठिन शब्दों के अर्थ पूछें और बताएँ। • पाठ को सरल अर्थों में समझाएँ। |
| मध्य<br>कौशल— लेखन, वाचन | • 'माइंड मैप' द्वारा पाठ की पुनरावृत्ति करवाएँ। • अभ्यास खंड में 'पढ़िए' शीर्षक के अंतर्गत पाठ में आए कठिन शब्दों का उच्चारण करवाएँ।<br>• 'बताइए' और 'सोचिए' शीर्षक के अंतर्गत आए प्रश्नों पर चर्चा करें और जानें। |



Scanned with OKEN Scanner

- अकाल की स्थिति कब आती है?

उ. अकाल की स्थिति तब आती है जब लगातार कई वर्षों तक पानी नहीं बरसता है और धरती की सारी वनस्पतियाँ सूख जाती हैं। खेती नहीं हो पाती हैं। ज़मीन पर दरारें पड़ जाती हैं।

- चींटी ने शेर से किस बात की आज्ञा माँगी?

उ. चींटी ने शेर से सभी जानवरों के लिए अपने बिल में जमा खाने की चीज़ें लाने की आज्ञा माँगी।

- क्या देखकर हाथी को गुस्सा आ गया?

उ. चींटी द्वारा लाए गए चार दानों को देखकर हाथी को गुस्सा आ गया।

- खाना खाने के बाद सभी जानवरों ने किस बात की शपथ ली?

उ. सभी जानवरों ने खाना खाने के बाद इस बात की शपथ ली कि वह जानबूझकर चींटियों को अपने पैरों से नहीं कुचलेंगे।

# अभ्यास

## बोलिए

1. **पढ़िए—** दिए गए शब्द बच्चों से पढ़वाएँ।

2. **बताइए**

**क.** सभी जानवर किससे मिलने गए?

उ. सभी जानवर जंगल के राजा शेर से मिलने गए।

**ख.** कौन सुरंग बनाकर बिल में रहता है?

उ. खरगोश सुरंग बनाकर बिल में रहता है।

**ग.** किसकी बातें सुनकर हाथी, बंदर आदि को गुस्सा आ गया?

उ. छोटी चींटी की बातें सुनकर हाथी, बंदर आदि को गुस्सा आ गया।

**घ.** आकाश ने बादलों को बुलाकर किसके बारे में बताया?

उ. आकाश ने बादलों को बुलाकर चींटी के परिश्रम और दान के बारे में बताया।

3. **सोचिए/मूल्यपरक प्रश्न**

✧ जो हमारा मज़ाक उड़ाए या हम पर गुस्सा करे, क्या हमें उसकी मदद करनी चाहिए?

उ. अगर कोई हमारा मज़ाक उड़ाए या हम पर गुस्सा करे तो भी हमें उसकी मदद करनी चाहिए क्योंकि हम अपने अच्छे आचरण से ही दूसरों की मानसिकताओं को बदल सकते हैं।

## लिखिए

1. **सही उत्तर पर ✓ का निशान लगाइए—**

**क.** कौन-सा महीना सूखे में निकल गया? ✓ सावन-भादो

**ख.** चींटी अपना खाना कहाँ रखती थी? ✓ बिल में

**ग.** चार दाने देखकर कौन चींटी पर गुस्सा करने लगा? ✓ हाथी



Scanned with OKEN Scanner

2. किसने, किससे कहा?

क. हमारे बच्चे भूखे-प्यासे हैं। क्या करें?

उ. सभी जानवरों ने शेर राजा से कहा।

ख. ज़मीन के नीचे बहुत-सी खाने-पीने की चीजें हैं।

उ. साँप ने शेर राजा से कहा।

ग. हमारे राज्य में सबको बोलने का अधिकार है।

उ. शेर राजा ने सभी जानवरों से कहा।

घ. तुम इन चार दानों से जंगल के सभी जानवरों का पेट भरना चाहती हो।

उ. हाथी ने चींटी से कहा।

3. कुछ शब्दों में उत्तर दीजिए—

क. पानी नहीं बरसने पर कैसी स्थिति आ जाती है?

उ. पानी नहीं बरसने पर अकाल की स्थिति आ जाती है।

ख. छोटी चींटी कहाँ से सबकी बातें सुन रही थी?

उ. छोटी चींटी कोने में खड़ी होकर सबकी बातें सुन रही थी।

ग. बरसते बादल को देखकर सब क्या करने लगे?

उ. बरसते बादल को देखकर सभी जानवर खुशी से नाचने और गाने लगे।

4. कुछ वाक्यों में उत्तर दीजिए—

क. सभी जानवर शेर के पास क्यों गए?

उ. सभी जानवर अकाल पड़ने के कारण भूख-प्यास से बेहाल हो रहे थे इसलिए वे मदद माँगने के लिए शेर के पास गए।

ख. साँप ने शेर से क्या कहा?

उ. साँप ने शेर से कहा कि ज़मीन के नीचे खाने-पीने की बहुत-सी चीजें हैं पर उन्हें बाहर कैसे लाया जाए इसका कोई उपाय नहीं है।

ग. हाथी, बंदर और अन्य जानवर चींटी पर क्यों गुस्सा हो गए?

उ. जब चींटी शेर और बाकी जानवरों को समझा रही थी कि बुरे दिनों के लिए सभी को थोड़ा-बहुत ज़रूरत का सामान बचाकर रखना चाहिए, तब चींटी की यह बात सुनकर हाथी, बंदर और अन्य जानवर उनपर गुस्सा हो गए।

घ. क्या देखकर जानवरों की आँखें फटी-की-फटी रह गईं?

उ. चींटियों द्वारा लाए गए खाने की चीज़ों के ढेर को देखकर सभी जानवरों की आँखें फटी-की-फटी रह गईं।



Scanned with OKEN Scanner

## समझिए व्याकरण संबोध

**1. शब्दों के जोड़े बनाइए—**

| | |
|---|---|
| सावन | भादो |
| पशु | पक्षी |
| रोने | बिलखने |
| खाने | पीने |
| भूख | प्यास |

**2. विलोम लिखिए—**

| | | |
|---|---|---|
| आकाश × पाताल | समझदार × नासमझ | खुशी × दुख |
| अंदर × बाहर | हँसना × रोना | सूखा × गीला |
| सच × झूठ | काला × सफ़ेद | |

**3. दिए गए शब्दों से बने शब्द पाठ से चुनकर लिखिए—**

| | |
|---|---|
| हरा — हरियाली | भूख — भूखे |
| प्यास — प्यासे | समझ — समझदार |

**4. 'ज़' और 'ड़' वाले शब्द पाठ से चुनकर लिखिए—**

| | | |
|---|---|---|
| **ज़** — ज़रूर | ज़मीन | ज़रूरत |
| **ड़** — पहाड़ | खड़ी | थोड़ा |

**5. पाठ में आए जीव-जंतुओं के नाम लिखिए—**

हाथी बंदर चींटी शेर साँप खरगोश

**6. नीचे दिए गए मुहावरों वाले वाक्य पाठ से ढूँढ़कर लिखिए—**

**क.** आँखें तरसना — पिछली बार भी बादल देखने को आँखें तरस गई थीं।

**ख.** आखें फटी-की-फटी रह जाना — देखते-ही-देखते वहाँ खाने का पहाड़ बन गया। यह देखकर सभी की आँखें फटी-की-फटी रह गईं।

**ग.** टूट पड़ना — सभी जानवर भूखे थे। इतना सारा खाना देखकर टूट पड़े।

## कीजिए विषय संवर्धन गतिविधियाँ (Subject Enrichment Activities)

1. भारत की ऋतुओं में वर्षा ऋतु सबसे सुंदर और लुभावनी होती है। इसे ऋतुओं की रानी कहते हैं। भारत में वर्षा ऋतु का आगमन जुलाई के महीने में होता है तथा सितंबर के महीने तक वर्षा होती रहती है। यह ऋतु किसानों के लिए वरदान सिद्ध होती है। वर्षा ऋतु वनस्पतियों के लिए भी वरदान होती है। वर्षा काल में पेड़-पौधे हरे-भरे हो जाते हैं। ताल-तलैया व नदियों में जल भर जाता है। वनों में मोर नाचने लगते हैं। हरी-भरी धरती और बादलों से ढके आसमान का दृश्य देखते ही बनता है। वर्षा ऋतु गरमी से परेशान जीव-समुदाय को शांति एवं राहत पहुँचाती है। लोग वर्षा ऋतु का भरपूर आनंद उठाते हैं।



Scanned with OKEN Scanner

2. **पाँच पशुओं के नाम और उनकी आवाज़ें—**

बकरी — मैं-मैं
बिल्ली — म्याऊँ-म्याऊँ
कुत्ता — भौं-भौं
बंदर — खी-खी
घोड़ा — हिन-हिन

**पाँच पक्षियों के नाम और उनकी आवाज़ें—**

कबूतर — गुटर-गूँ
तोता — टैं-टैं
चिड़िया — चीं-चीं
कौआ — काँव-काँव
कोयल — कुहू-कुहू

3. **अगर मुझे किसी बोलने वाली चींटी से बातचीत करनी हो तो मैं उससे निम्नलिखित पाँच प्रश्न पुछूँगा/पुछूँगी—**

**क.** आपकी रोज़ की दिनचर्या क्या है?

**ख.** आप अन्य चींटियों के साथ कैसे बात करती हैं?


**ग.** आपने अभी तक सबसे अनोखी चीज़ क्या देखी है?


**घ.** चींटियों को अपने वातावरण में किन-किन चुनौतियों का सामना करना पड़ता है?

**ङ.** आप समाज में अपनी भूमिका के बारे में कैसा महसूस करती हैं?

4. छात्र स्वयं करें।

5.


गोशाला


पेड़ की कोटर


बांबी (बिल)


अस्तबल


बिल (सुरंग)


गुफ़ा

**क्या होता यदि...**

✧ यदि चींटी सबके लिए खाना लेकर नहीं आती तो सभी जानवर भूख से और ज़्यादा बेहाल हो जाते। यह भी हो सकता था कि उनमें से कुछ भूख से मर जाते। उनके बच्चे भूख से रोने लगते। जानवर खाने की खोज में किसी दूसरे जंगल की ओर पलायन कर जाते।



Scanned with OKEN Scanner

# शब्द-खेल

नीचे कुछ शब्द दिए गए हैं, इन्हें इस प्रकार क्रम में लगाइए कि शब्द-लड़ी बन जाए। सबसे पहले लड़ी पूरी करनेवाले विजेता कहलाएँगे।

लहर, जटायु, शायद, शलगम, सीप, ईख, नीरज, रोहित, युवा, खरगोश, वासी, रजनी, लीची, पहेली, दवाई, तमाशा, महल, ठठेरा, चीनी, नीलकंठ

रो हि त
मा
शा य द
वा
ई ख
र
गो
श ल ग म
ह
ल ह र
ज
नी र ज
टा
यु वा
सी प
हे
ली ची
नी ल कं ठ
ठे
रा











# 1 देश हमारा

| | |
|---|---|
| कालांश संख्या | 4 |
| शिक्षण प्रक्रिया | Teacher Led |
| कविता का उद्देश्य | देश-प्रेम, प्रकृति-प्रेम, उत्साह, प्रसन्नता, भाईचारा जैसे मूल्यों का विकास करना, कविता का शुद्ध और लययुक्त वाचन, भारत देश के बारे में बताना, पर्यायवाची शब्द, वाक्यांशों के लिए एक शब्द, मुहावरे, 'है' और 'हैं' का सही प्रयोग बताना, चित्र बनवाना और कविता-लेखन के लिए प्रेरित करना, भारत में बहने वाली नदियों की जानकारी देना। श्रवण-वाचन-पठन-लेखन कौशल का विकास करवाना। |
| कविता में आनेवाले विषय | पर्यायवाची शब्द, वाक्यांशों के लिए एक शब्द, मुहावरे, 'है' और 'हैं' का सही प्रयोग, चार्ट पेपर पर देश का सुंदर चित्र बनाना और कविता में पंक्तियाँ जोड़ना, भारत में बहनेवाली नदियों के नाम, कविता का शुद्ध और स्पष्ट वाचन। |
| शिक्षण सामग्री | Smart Board, पाठ्यपुस्तक, Animation, i-book, Websupport (worksheets), कॉपियाँ, पेंसिल, फ्लैश कार्ड, चार्ट पेपर आदि। |
| मानक/अमानक शब्द | नई/नयी, पुरवाई/पुरवायी |
| आरंभ—<br>चर्चा एवं समूह वाचन,<br>कौशल-पठन, वाचन | • छात्रों को अपने देश भारत के विषय में बताएँ, स्वयं या Smart Board पर राष्ट्रीय गान और राष्ट्रीय गीत सुनाएँ, राष्ट्रीय प्रतीकों जैसे— राष्ट्रीय पशु, राष्ट्रीय पक्षी, राष्ट्रीय ध्वज, राष्ट्रीय चिह्न आदि के सुंदर चित्र दिखाएँ, बच्चों से पूछें कि यह चित्र किसका है।<br>• कविता का लय तथा हाव-भाव के साथ सस्वर वाचन करवाएँ।<br>• कविता के श्रवण-वाचन के लिए Animation और i-book की सहायता लें।<br>• कठिन शब्दों के अर्थ पूछें और बताएँ। • कविता को सरल अर्थों में समझाएँ। |
| मध्य<br>कौशल— लेखन, वाचन | • 'माइंड मैप' द्वारा कविता की पुनरावृत्ति करवाएँ। • अभ्यास खंड में 'पढ़िए' शीर्षक के अंतर्गत कविता में आए कठिन शब्दों का उच्चारण करवाएँ।<br>• 'बताइए' और 'सोचिए' शीर्षक के अंतर्गत आए प्रश्नों पर चर्चा करें और जानें।<br>• 'लिखिए' शीर्षक के अंतर्गत आए प्रश्न 1 और 3 तथा 'समझिए व्याकरण संबोध' के अंतर्गत आए प्रश्नों का हल पुस्तक में ही करवाएँ।<br>• 'लिखिए' शीर्षक के अंतर्गत आए प्रश्न 2 का हल कॉपी में करवाएँ और 'विषय संवर्धन गतिविधियाँ' के अंतर्गत आई गतिविधियाँ 1 और 2 का हल लिखित रूप से करवाएँ और गतिविधि 3 को मौखिक रूप से करवाएँ।<br>• बच्चों को दो समूहों में बाँटकर 'क्या होता यदि' के अंतर्गत दिए गए बिंदु पर सामूहिक चर्चा करवाकर उनके विचार प्रस्तुत करवाएँ। |



Scanned with OKEN Scanner

# अभ्यास

**बोलिए**

1. पढ़िए— दिए गए शब्द बच्चों से पढ़वाएँ।

2. बताइए

   क. सूरज क्या लेकर आता है?

   उ. सूरज नई सुबह लेकर आता है।

   ख. खुशी के गीत कौन गाता है?

   उ. पक्षियों का समूह खुशी के गीत गाता है।

   ग. भाईचारा कौन सिखाता है?

   उ. भँवरे भाईचारा सिखाते हैं।

   घ. हमारा देश कैसा है?

   उ. हमारा देश हरा-भरा है।

3. **सोचिए/मूल्यपरकप्रश्न**

✧ कविता से अलग भारत देश की और क्या विशेषताएँ हैं?

उ. पूरे विश्व में भारत एक प्रसिद्ध देश है। यह संसार में अपनी महान संस्कृति और पारंपरिक मूल्यों के लिए प्रसिद्ध है। भारत के उत्तर में हिमालय पर्वत है जो विश्व में सबसे ऊँचा है। यह तीन तरफ़ से तीन महासागरों से घिरा हुआ है। दक्षिण में हिंद महासागर, पूरब में बंगाल की खाड़ी और पश्चिम में अरब सागर से। भारत एक लोकतांत्रिक देश है जो विश्व में जनसंख्या की दृष्टि से दूसरे स्थान पर है। भारत में मुख्य रूप से हिंदी भाषा बोली जाती है परंतु यहाँ लगभग 22 भाषाओं को राष्ट्रीय रूप से मान्यता दी गई है। भारत में हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई सभी धर्मों के लोग आपस में मिलजुलकर रहते हैं। भारत अपने आध्यात्मिक कार्यों, योग आदि के लिए भी जाने जाते हैं। यहाँ अनेक धार्मिक स्थल और ऐतिहासिक स्थल हैं, जिनकी सुंदरता को देखने के लिए अनेक देशों से लोग आते हैं। भारत पूरे विश्व में शांति और एकता का संदेश देता है।

**लिखिए**

1. **कुछ शब्दों में उत्तर दीजिए—**

   क. किसकी अविरल धारा बहती रहती है?

   उ. सुख की अविरल धारा बहती रहती है।

   ख. फूलों की क्यारी कब खिल जाती है?

   उ. जब पुरवाई बहती है तब फूलों की क्यारी खिल जाती है।

   ग. 'चलते रहो' कौन कहता है?

   उ. नदियाँ और झरने लगातार बहते हुए सभी को जीवन के रास्ते पर 'चलते रहो' कहते हैं।

2. कुछ वाक्यों में उत्तर दीजिए—

क. सूरज धरती पर सोना कैसे बरसाता है?

उ. जब सूरज उदय होता है और अपनी सुनहरी किरणें धरती पर बिखराता है। जिससे फल-फूल, फ़सलें आदि विकसित होती है और हम धन-धान्य से खुशहाल हो जाते हैं। इस प्रकार सूरज धरती पर सोना बरसाता है।

ख. पुरवाई किसे कहते हैं?

उ. पूरब दिशा से बहने वाली हवा को पुरवाई कहते हैं।

ग. तितली राजदुलारी कब बन जाती है?

उ. जब पुरवाई बहती है तो क्यारियों में फूल खिल जाते हैं और तितलियाँ उन फूलों पर इठलाती हुई मँडराती रहती हैं तब वह राजदुलारी बन जाती हैं यानी बहुत प्यारी लगती है।

घ. हिम के शिखर क्यों चमकते हैं?

उ. शिखरों पर पड़ी बरफ़ पर सूरज की किरणें पड़ने के कारण हिम के शिखर चमकते हैं।

3. पंक्तियाँ पूरी कीजिए—

क. नई ···सुबह··· ले सूरज आता।
धरती पर ···सोना··· बरसाता।।

ख. ···तितली··· बनती राजदुलारी।
···भ्रमर··· सिखाते भाईचारा।।

## समझिए व्याकरण संबोध

1. चित्रों के नाम और उनके पर्यायवाची लिखिए—


सुबह
सवेरा


फूल
पुष्प


सूरज
रवि


नदी
सरिता


धरती
भूमि


पक्षी
खग

2. वाक्यांशों को एक शब्द से मिलाइए—

- मन को हरने वाला — मनोहर
- पूरब की ओर से बहने वाली हवा — पुरवाई
- राजा की दुलारी — राजदुलारी
- हिम का शिखर — हिमशिखर

(क्रमानुसार दाईं ओर के शब्द: राजदुलारी, हिमशिखर, मनोहर, पुरवाई)

3. अंगों से संबंधित मुहावरे दिए गए शब्दों की सहायता से लिखिए—

खट्टे करना, कटना, तारा होना, भरना


···आँखों का तारा होना···


···कान भरना···


···नाक कटना···


···दाँत खट्टे करना···

4. 'है' और 'हैं' का सही प्रयोग कीजिए—

क. हमारा देश हर-भरा ···है···।

ख. पक्षी खुशी के गीत गाते ···हैं···।

ग. शीतल पुरवाई बहती ···है···।

घ. तितलियाँ फूलों पर मँडराती ···हैं···।

## कीजिए विषय संवर्धन गतिविधियाँ (Subject Enrichment Activities)

1. बैलों के गले में घुँघरू बजते
लहलहाती खेतों में फ़सलें
देख कृषक मन-मन हरषाते
ऐसा सुखद-सुहाना प्यारा
हरा-भरा यह देश हमारा।

छात्र चित्र स्वयं बनाएँ और अपनी इच्छा से स्वयं पंक्तियाँ जोड़े।

2. गंगा, यमुना, ब्रह्मपुत्र, नर्मदा, कावेरी।

3. छात्र को Audio सुनवाएँ फिर इनसे पढ़वाएँ।

**क्या होता यदि…**

✧ यदि भारत में नदियाँ न होती तो मनुष्यों, वनस्पतियों और अन्य सभी जीवों को पीने के लिए मीठा पानी मिलना मुश्किल हो जाता। कृषि भी बुरी तरह प्रभावित होती, जिससे खाद्यान की कमी हो जाती। नदियाँ नहीं होतीं तो सिंचाई और मछलियों के क्रेय-विक्रेय पर भी असर पड़ता। भारत के तापमान में भी असमानता हो जाती। गरमियों में तापमान बहुत अधिक होता और सरदियों में कड़ाके की ठंड पड़ती।

Scanned with OKEN Scanner